आईआईएम रांची ने की स्किल कॉन्क्लेव की मेजबानी

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के सहयोग से संकल्प स्किल कॉन्क्लेव की मेजबानी की। कॉन्क्लेव का आयोजन झारखंड और तमिलनाडु के 56 जिलों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए किया गया। इसमें आईआईएम रांची के शिक्षकों के अलावा महात्मा गांधी नेशनल फेलो ने भाग लिया। इसमें भारत में कौशल पहल के लिए चुनौतियों, अवसरों पर चर्चा हुई। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव व संकल्प एमएसडीई के सहायक निदेशक मनीष मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया।

मुख्य वक्ताओं में पूर्व आईएएस व सीईओ स्कूलनेट इंडिया आरसीएम रेड्डी, एनएसडीसी में डीजीएम मयंक भटनागर और लेखक व नीति विशेषज्ञ वैभव डांगे, शामिल थे। उन्होंने देश में भावी कौशल विकास पहलों में सुधार और विस्तार के तरीकों पर चर्चा की।

प्रशांत होता ने भारत में कौशल विकास के संदर्भ में साझेदारी और नेटवर्किंग के मूल्य पर विचार साझा किये। रूहिन देब (असम सरकार के मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्य अर्थशास्त्री), राजेश गिल्डा (लेंड-ए-हैंड इंडिया के वीपी) ने भी भाग लिया।

Hindustan, 11.01.2023, Pg. 04